# भारतीय सेना के अदम्य साहस एवं शौर्य के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली

**बीकानेर,** (कासं)। गंगाशहर में आज भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश मेघवाल के नेतृत्व में भारतीय सेना के अदम्य साहस एवं शौर्य के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

तिरंगा यात्रा भाजपा कार्यालय गंगाशहर से शुरू होकर मुख्य बाजार से होकर गांधी चौक पहुंची। गांधी चौक स्थित हनुमान मंदिर में पाठ कर शौर्यवान भारतीय सेना को और अधिक शक्ति देने की प्रार्थना की। भाजपा जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने शहर के सभी भाजपा मंडलों में भारतीय सेना के सम्मान में कार्यक्रम करने के निर्देश दिए गए थे। खुद जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़, जिला महामंत्री मोहन सुराणा भी कार्यक्रम में पूर्ण सक्रिय रहे।

कार्यक्रम संयोजक मंडल महामंत्री गोविंद सारस्वत ने बताया कि मोहन सुराणा ने वर्तमान परिस्थिति में कैसे प्रशासन का सहयोग करना है विस्तार से समझाया ओर नियमों की पालना के लिए प्रेरित किया। सुराणा ने कहा कि विश्व की हम चौथी सबसे शक्तिशाली सेना वाले देश के निवासी हैं और हमारी सेना का हरसंभव सहयोग करना हमारा परम धर्म है।

जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने कहा कि बीकानेर का हर निवासी देश भक्ति की भावना से ओत प्रोत है और किसी भी परिस्थिति में देश सेवा से पीछे नहीं हटने वाला। कार्यक्रम में पूर्व महापौर नारायण चौपड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष जेठमल नाहटा, मंडल महामंत्री जसकरण मारू, राजश्री कच्छावा, सुनीता हटीला, स्वाति छाजेड़, पुष्पा राजपुरोहित, मोनिका बैद, स्वाति करनाणी, झमकू देवी, मूलचंद दैय्या, संजय सोनी, विकास शर्मा, अंकुश चौपड़ा, मघाराम नाई, भंवरलाल साहू, मंदिर पुजारी शांतिलाल, शिव प्रजापत, चंद्रप्रकाश तंवर, ललित सुराणा, बच्छराज रांका, विनोद भाटी, गौरीशंकर नाई, महेन्द्र शर्मा, गोविंद सोनी, हेमंत शर्मा, योगेश सोनी, विजय सोलंकी, प्रदीप भाटी आदि जागरूक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



बीकानेर में भाजपा गंगाशहर मंडल अध्यक्ष प्रकाश मेघवाल के नेतृत्व में भाजपाईयों ने भारतीय सेना के अदम्य साहस एवं शौर्य के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली।

■ भारत-पाक में तनाव को लेकर वर्तमान परिस्थिति में कैसे प्रशासन का सहयोग करना है विस्तार से समझाया ओर नियमों की पालना के लिए प्रेरित किया

पहलगाम में आतंकी हमले के जवाब में भारत की कार्रवाई के बाद सीमा पर बने युद्ध जैसे हालात से निपटने के लिए भारतीय जनता पार्टी शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ की अध्यक्षता में आज भाजपा पदाधिकारियों, मंडल, मोर्चा अध्यक्षों की बैठक वर्चुअल बैठक रखी गई जिसमें केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, विधायक सिद्धि कुमारी, जेठानंद व्यास मुख्य वक्ता उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा किसी भी आपदा से निपटने के लिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र हित में 'राष्ट्र प्रथम' की ध्येय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर तैयार रहेगा। किसी भी आपदा में बचाव के जागरुकता कार्यक्रम में प्रशासन-पुलिस के साथ मिलकर काम करे। विधायक सिद्धि कुमारी ने कहा प्रशासन-पुलिस के मॉक ड्रिल की जानकारी से आमजन को जागरूक करने और आपदा की स्थिति में अपना बचाव करने के प्रशिक्षण कार्यक्रम को भाजपा गली-मोहल्ले तक लेकर जायेगी। इसके लिए प्रत्येक बूथ पर बीस-बीस कार्यकर्ताओं को जिम्मा सौंपा जायेगा। विधायक जेठानंद व्यास ने कहा मॉकड्रिल के जरिये नागरिकों को हमले की स्थिति में खुद को सुरक्षित रखने की ट्रेनिंग दी जाए। इसके साथ किसी भी आपदा में भोजन, चिकित्सा, ब्लड की आवश्यकता हो हर नागरिक की मदद करना प्रत्येक कार्यकर्ता का धर्म है। ब्लैक आउट की पालना हो बिना काम बाहर घूमने वालों को समझाईश करें।

जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने कहा भाजपा मंडल व मोर्चा के कार्यकर्ता रक्तदान शिविर लगाकर सहयोग करें। प्रत्येक बूथ स्तर तक रक्तवीरों की सूची बनाएं जिससे जरूरत पड़ने पर सहयोग किया जा सके।

उसके साथ सोशल मीडिया की अफवाहों पर ध्यान ना दें। इसको लेकर आस पड़ौस के लोगों को जागरूक करें और हर परिस्थित में प्रशासन का सहयोग करें। आज की इस बैठक में महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित, महामंत्री मोहन सुराणा, श्यामसुंदर चौधरी, उपाध्यक्ष आनंद सिंह भाटी, विजय उपाध्याय, भगवान सिंह मेड़तिया, जितेन्द्र राजवी, दीपक पारीक, जिला मंत्री मनीष सोनी, सांगीलाल गहलोत, कौशल शर्मा, भारती अरोड़ा, प्रवक्ता अशोक प्रजापत, मंडल अध्यक्ष आशा आचार्य, प्रेम गहलोत, देवरूप सिंह, मुकेश सैनी, धर्मपाल डूडी, कपिल शर्मा, दिनेश चौहान, प्रकाश मेघवाल मौजूद थे।

## नृसिंह लीला को लेकर उत्साह

**बीकानेर,** (कासं)। नृसिंह चतुर्दशी पर शहर के एक दर्जन से भी अधिक मंदिरों में नृसिंह लीला होगी। इसमें 10 मंदिर परकोटे के अंदर है तो दो मंदिर गोगागेट और नत्थूसर गेट के बाहर है।

इन सभी मंदिरों में आयोजित होने वाली नृसिंह लीला को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। लखोटियों के चौक का नृसिंह मंदिर बीकानेर का सबसे प्राचीन मंदिर है। मंदिर को रंग-रोगन के साथ ही लाइटों से सजाया गया है। योगेश श्रीमाली ने बताया कि यहां हो रही नृसिंह लीला की खासियत है कि यहां नृसिंह भगवान और हिरण्यकश्यप बनने वाले पात्र कभी एक परिवार से नहीं हो सकते। इसके साथ ही सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां नृसिंह भगवान साथ ही हिरण्यकश्यप बने पात्र की भी आरती उतारी जाती है।

इसके पीछे की कहानी बताते हुए श्रीमाली कहते हैं जब हिरण्यकश्यप बनने को कोई तैयार नहीं हुए तो एक पात्र ने कहा मैं बन तो जाऊंगा लेकिन शर्त यह है कि मेरी भी आरती उतारी जाए। यह परंपरा लगातार निभाई जा रही है। हिरण्यकश्यप का रूप धरते ही पात्र सबसे पहले मंदिर के पीछे स्थित एक खिड़की के आगे खड़ा होता है। इस खिड़की में एक व्यक्ति आता है और हिरण्यकश्यप बने पात्र की आरती उतारता है।

पात्र को माला पहनाई जाती है। इसके बाद ही हिरण्यकश्यप बन पात्र गली-गली घूमता है और पीछे होती है युवाओं टोली जो हिरणा-कृष्णा गोविंदा प्रहलाद भजे के उद्घोष के साथ उसके उकसाने का कार्य करती है। पाटे पर चांदी की कुर्सी पर विराजमान प्रहलाद को मारने का प्रयास होता है तो भगवान कागज के बने खंभे को फाड़कर प्रकट होते हैं।

## सार-समाचार

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श



विधायक सिद्धि कुमारी ने रानी बाजार चौपड़ा कटला स्थित आरोग्य मंदिर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया।

**बीकानेर,** (कासं)। स्वास्थ्य संकुल परिवार एवं नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन, बीकानेर (एनएमओ) के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क विशेष स्वास्थ्य - रोग परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन शनिवार को रानी बाजार चौपड़ा कटला स्थित शहरी आयुष्मान, आरोग्य मंदिर में आयोजित किया गया। समिति के प्रबन्धक राजीव शर्मा ने बताया कि शहरी आयुष्मान, आरोग्य मंदिर में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ बीकानेर पूर्व विधानसभा क्षेत्र की विधायक सिद्धि कुमारी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य जांच के साथ दवा और परामर्श के कार्य को प्रेरणादायी बताया। इस मौके पर विधायक सिद्धि कुमारी ने संपूर्ण चिकित्सा संकुल का अवलोकन कर वहां पर संचालित हो रही होम्योपैथी, आयुर्वेदिक और एलोपैथिक चिकित्सा के साथ योग और व्यायाम के प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि एक साथ इस प्रकार की सभी आरोग्य सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध होना वाकई सेवा भावना की मिशाल पेश करती है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संकुल में शीघ्र ही यूनानी चिकित्सा भी शुरू करवा दी जायेगी। इस अवसर पर दिनेश वत्स ने स्वास्थ्य संकुल के धन्वन्तरी आरोग्य उद्यान में विधायक सिद्धि कुमारी के हाथों से बिल्व पत्र का पौधारोपण करवाया। विधायक ने उक्त स्थान पर बीकानेर विकास प्राधिकरण की ओर से उपलब्ध करवाए गए संसाधन से शुरू किए जा रहे ओपन जिम का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. बिजेन्द्र बिनावरा, डॉ अशोक सुथार, डॉ इन्द्रा भादू, दिनेश वत्स, कैलाश पूनिया, जगदीश मीणा, श्यामसुंदर शर्मा, तिलकराज झांब, प्रदीप कुमार भारद्वाज, चन्द्रप्रकाश नैय्यर, पर्वत सिंह पड़िहार, दिनेश वत्स, राकेश बत्रा, सत्यनारायण सोनी मोमासर वाले आदि गणमान्यजन लोग मौजूद थे।

### रेड अलर्ट में दुकानें बंद रहे



बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों और उद्यमियों की बैठक ली।

**बीकानेर,** (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि एवं पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों और उद्यमियों की बैठक ली। जिला कलेक्टर ने कहा कि औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधि जिले के छोटे-बड़े व्यापारियों को प्रशासन के आदेशों के प्रति जागरुक करें और इनकी पालना के लिए प्रेरित करें। सायं 7 बजे के बाद अत्यावश्यक सेवाओं के अलावा किसी प्रकार की दुकानें खुली नहीं रहें। वहीं रेड अलर्ट के दौरान सभी प्रतिष्ठान अनिवार्य रूप से बंद रहें। जिला कलेक्टर ने कहा कि आगामी कुछ दिनों तक दुकानदारों द्वारा दुकानों से बाहर किसी प्रकार की सामग्री नहीं रखी जाए, जिससे रेड अलर्ट जारी होने की स्थिति में तत्काल दुकान बंद की जा सके। उन्होंने सभी दुकानों, फैक्ट्रियों और प्रतिष्ठानों की लाइटें सायं 7 बजे अनिवार्य रूप से बंद करने के निर्देश दिए। विवाह सहित अन्य समारोह दिन में ही करने तथा ड्रोन एवं पटाखों का उपयोग किसी स्थिति में नहीं करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि आगामी कुछ दिनों तक भीड़भाड़ वाले आयोजनों को टाला जाए। जरूरी होने पर दिन में इनका आयोजन किया जा सकता है। उन्होंने औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों को सभी आवश्यक वस्तुओं का स्टॉक आरक्षित रखने की बात कही। इस दौरान नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा, बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया, जिला व्यापार उद्योग मंडल के अध्यक्ष जुगल राठी, संजय कुमार सांड, शांतिलाल कोचर, विजय प्रकाश बाफना, शिव सिंह, कमल बोथरा, पूनमचंद कच्छावा, महेश कोठारी, विजय तातेड़, गौरव माथुर, विकास तापड़िया, जियरांकार और राकेश स्वामी सहित अन्य उद्यमी मौजूद थे।

### व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखें

**बीकानेर,** (कासं)। संभागीय आयुक्त डॉ. रवि कुमार सुरपुर, पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि और पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जिले भर के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान निर्देश दिए गए कि वर्तमान स्थिति में सभी अधिकारी पूर्ण गंभीरता, तत्परता और जवाबदेही से कार्य करें। अधिकारियों का रिस्पोंस त्वरित हो तथा निर्देशों की समयबद्ध व अक्षरश: पालना सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार की अफवाहों से सावधान रहें और इसे फैलने से रोकें। पुलिस की नियमित गश्त सुनिश्चित करने, हेल्पलाइन नंबर 100, 1090, 112 और साइबर हेल्पलाइन को प्रचारित करने, सूचना तंत्र को मजबूत करने, सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की अनावश्यक सामग्री अपलोड नहीं करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार सभी स्थानों पर पर्याप्त मेडिकल किटें रखने, अस्पतालों में व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को आपसी समन्वय रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त अपर्णा गुप्ता, सोहन लाल, आयुक्त जसवंत सिंह, रामावतार कुमावत मौजूद थे।

# निगम ने मदान मार्केट के आसपास की 50 दुकानों को बंद करवाया

■ मदान मार्केट में गैस सिलेंडर हादसे में 9 लोगों की जान जाने के बाद अब नगर निगम प्रशासन ने सख्ती दिखाई

■ जो आवासीय बिल्डिंग हैं वहां अगर कॉमर्शियल गतिविधि और सुरक्षा के उपाय नहीं मिले तो निगम उस बिल्डिंग को सीज करेगी

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर के मदान मार्केट में हुए हादसे में 9 लोगों की जान जाने के बाद अब नगर निगम प्रशासन भी सख्त हो गया है। मदान मार्केट के आसपास बनी करीब 50 दुकानों को बंद करवा दिया है। अब एक-एक कर जांच होगी। जो आवासीय बिल्डिंग हैं वहां अगर कॉमर्शियल गतिविधि और सुरक्षा के उपाय नहीं मिले तो निगम वो बिल्डिंग सीज करने की तैयारी में है।

दरअसल दो दिन पहले मदान मार्केट में एक गैस सिलेंडर फटने से 9 लोगों की मौत हो गई थी। दो दिन तक तो प्रशासन मलबा और शवों को निकालने में व्यस्त रहा। अब प्रशासन सख्ती बरत रहा है। निगम को खबर है कि यहां कई मार्केट में अंडर ग्राउंड निर्माण हैं जो निगम की बिना परमिशन के बने हैं। अग्निकांड को शांत करने के लिए उपकरण नहीं हैं। दो तरफ से बाहर निकलने का रास्ता नहीं है तो ऐसी बिल्डिंग और मार्केट को सीज किया जायेगा। नौ लोगों की मौत से आसपास के लोग बहुत गुस्से में हैं। निगम को अब कार्रवाई करनी होगी।

निगम अधिकारियों का कहना है कि बिना भू-उपयोग परिवर्तन के कॉमर्शियल उपयोग में भवन को लेना गैर कानूनी है। उसके लिए निगम से अनुमति लेने के बाद ही कॉमर्शियल गतिविधि हो सकती है। अन्यथा बिल्डिंग सीज करने का अधिकार निगम के पास है। निगम अब पूरे शहर में एक टीम बनाकर कॉमर्शियल गतिविधियां करने वाली बिल्डिंग पर लगाम कसेगी। सीटी कोतवाली क्षेत्र में मदान काम्प्लेक्स में हुए गैस सिलेंडर विस्फोट के घायलों व प्रशासनिक अधिकारियों से शुक्रवार को कांग्रेस शिष्टमंडल ने पूर्व मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला व शहर अध्यक्ष यशपाल गहलोत के नेतृत्व में मुलाकात की। शिष्टमंडल ने पीबीएम के ट्रोमा सेन्टर व बर्न यूनिट में घायलों व उनके परिजनों से मुलाकात कर उनके हाल चाल जाने व पीबीएम अधीक्षक डॉ सुरेन्द्र वर्मा से घायलों के उपचार संबंधी जानकारी ली।

## सुबह 5 बजे तक ब्लैक आउट

**नोखा,** (कासं)। जिला कलेक्टर के आदेश पर नोखा में नागरिक सुरक्षा के मद्देनजर ब्लैक आउट लागू किया गया है। नोखा के एसडीएम गोपाल जांगिड ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं।

आदेश के अनुसार रात 7 बजे से सुबह 5 बजे तक सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान, दुकानें और कार्यालय बंद रहेंगे। इस दौरान अनावश्यक लाइटिंग नहीं जलाई जायेगी। नागरिकों को घरों की बाहरी लाइट्स बंद रखने और केवल जरूरी लाइट्स का ही इस्तेमाल करने को कहा गया है।

मेडिकल स्टोर और डेयरी जैसी आवश्यक सेवाएं ब्लैक आउट नियमों का पालन करते हुए खुली रह सकेंगी। लोगों से अनुरोध किया गया है कि वे अनावश्यक रूप से बाजार में न घूमें और वाहनों का प्रयोग सिर्फ जरूरत पड़ने पर ही करें। एसडीएम ने नागरिकों से स्वैच्छिक सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि चेतावनी जारी होने पर तत्काल पूर्ण ब्लैक आउट सुनिश्चित किया जाए।

# श्रीगंगानगर में सुबह 8 बजे से रेड अलर्ट

■ प्रशासन ने लोगों से घरों में रहने की अपील की

**अनूपगढ़,** (कासं)। श्रीगंगानगर जिले में शनिवार सुबह 8 बजे रेड अलर्ट घोषित किया गया। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने यह कदम उठाया।

एसपी गौरव यादव ने लोगों से घरों में रहने की अपील की है। अनूपगढ़ डीएसपी प्रशांत कौशिक और एसएचओ ईश्वर जांगिड़ शहर में गश्त कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। डीएसपी कौशिक ने लोगों से घबराने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। सुरक्षा कारणों से अनूपगढ़ के बाजार बंद किए जा रहे हैं। प्रशासन ने नागरिकों से सरकारी गाइडलाइन का पालन करने और सहयोग करने का आग्रह किया है। एसएचओ जांगिड़ के अनुसार पुलिस प्रशासन पूरे क्षेत्र में निगरानी रख रहा है। उन्होंने लोगों से किसी भी तरह की अफवाह न फैलाने और न ही उन पर ध्यान देने की अपील की है।

इधर, तनाव के बीच सीमावर्ती जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का निर्णय लिया गया है। श्रीगंगानगर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय सिंगला ने स्वास्थ्य विभाग जयपुर के निर्देश पर 9 विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की है।

अनूपगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 5 डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। इनमें डॉ. सुरेन्द्र बी. चौधरी (फॉरेंसिक मेडिसिन), डॉ. नितेश स्वामी (आईएचबीटी), डॉ. विशाल जिनागर (मेडिसिन), डॉ. नंदकिशोर (ओबीएसटी एवं गायनी) शामिल हैं। श्रीगंगानगर जिला अस्पताल से डॉ. विनीत म्योल (सर्जरी) को भी अनूपगढ़ भेजा गया है।

# गांव 3 जेएम में 17 दिन पुराना धरना स्थगित

■ पंचायत मुख्यालय का दर्जा देने की मांग को लेकर धरने पर बैठे थे

**अनूपगढ़,** (कासं) यहां 3 जे एम गांव के निवासियों ने राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हुए अपना 17 दिन पुराना धरना स्थगित कर दिया। ग्रामीण पंचायत मुख्यालय का दर्जा मिलने की मांग को लेकर धरने पर बैठे थे। इनमें से तीन लोग पिछले चार दिनों से भूख हड़ताल पर थे।

15 एलएम पंचायत मुख्यालय के कनिष्ठ सहायक कुलदीप सिंह ने धरनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों से बात की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश को एकजुटता की आवश्यकता है। सीमा पर जवान देश की रक्षा कर रहे हैं। ऐसे में सभी को राष्ट्रहित में योगदान देना चाहिए। कुलदीप सिंह के आव्हान पर ग्रामीणों ने तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपा। कुलदीप सिंह ने ज्ञापन को प्रशासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन ग्रामीणों की मांगों पर गंभीरता से विचार करेगा।

ग्रामीणों ने एकजुट होकर घोषणा की है कि वे देश और सैनिकों के साथ खड़े हैं। गांव के युवाओं ने पाकिस्तान को जवाब देने में देश का साथ देने की बात कही। हालांकि ग्रामीणों ने ये भी कहा कि अगर आने वाले समय में उनके गांव को पंचायत मुख्यालय का दर्जा नहीं मिला तो वे फिर से लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करेंगे।

## कांस्टेबल को बोलेरो ने टक्कर मारी

**बीकानेर,** (कासं)। जयपुर रोड पर ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिस के कांस्टेबल को बोलेरो के चालक ने टक्कर मार दी और फरार हो गया। उसे पकड़ने के लिए नाकाबंदी करवाई गई लेकिन उसका पता नहीं चला।

एएसपी सिटी सौरभ तिवाड़ी ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस का कांस्टेबल अंजनी कुमार सायंकाल जयपुर रोड पर नौरंगदेसर के पास ड्यूटी कर रहा था। इंटरसेप्टर गाड़ी से वाहनों की चैकिंग करने के दौरान उसने बीकानेर से आ रही एक बोलेरो गाड़ी को रूकने का इशारा किया। बोलेरो के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए कांस्टेबल को टक्कर मारकर फरार हो गया। कांस्टेबल घायल हो गया जिसे पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया।

# आईसीयू, दवाएं और ऑक्सीजन युक्त बैड कम न पड़ें : प्रियंका

■ पीबीएम अस्पताल के ब्लड बैंक का निरीक्षण कर जानकारी ली

**बीकानेर,** (कासं)। प्रदेश में उत्पन्न विशेष परिस्थितियों को देखते हुए मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की सीईओ व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी प्रियंका गोस्वामी बीकानेर पहुंचीं और स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य भवन में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की।

बैठक में कहा कि आईसीयू, ऑक्सीजन युक्त बैड, मानव संसाधन और दवाएं जरूरत पर कम न पड़ें इसकी तैयारी रखें। उन्होंने ड्रग वेयर हाउस का निरीक्षण भी किया। गोस्वामी ने अधिकारियों से उपलब्ध संसाधनों व व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने संयुक्त निदेशक डॉ. देवेंद्र चौधरी, उपनिदेशक डॉ. राहुल हर्ष, डॉ. नवल गुप्ता, डॉ. लोकेश गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारियों से आईसीयू, ऑक्सीजन युक्त बैड, मानव संसाधन व उपकरणों की क्रियाशीलता की स्थिति पर चर्चा की।

प्रियंका गोस्वामी ने स्वास्थ्य सेवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए जिला कंट्रोल रूम को सुदृढ़ करने और एम्बुलेंस की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में स्वास्थ्य तंत्र की त्वरित और समन्वित प्रतिक्रिया अत्यंत आवश्यक है। बैठक के बाद उन्होंने पीबीएम अस्पताल के ब्लड बैंक का निरीक्षण किया।

अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र वर्मा और ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अरूण भारती व डॉ. एन. एल. महावर के साथ संभावित आकस्मिक रक्त आवश्यकता को लेकर योजना बनाई गई। उन्होंने समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित करने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त सीईओ गोस्वामी ने जिला औषधि भंडार और मेडिकल कॉलेज ड्रग वेयर हाउस का निरीक्षण किया और दवाओं की उपलब्धता व रखरखाव की समीक्षा की।

# सरकार की गाइडलाइन की पालना के लिए धर्मगुरू लोगों को प्रेरित करें : कुणाल

**बीकानेर,** (कासं)। जिला प्रभारी सचिव एवं शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल ने शनिवार को शहरी क्षेत्र के विभिन्न धर्मगुरूओं के साथ बैठक ली और वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर आवश्यक सहयोग का आव्हान किया।

प्रभारी सचिव ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में विभिन्न धर्मगुरूओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। धर्मगुरू अपने अनुयायियों को सरकार की गाइडलाइन की पालना के लिए प्रेरित करें। धार्मिक केन्द्रों में अनावश्यक भीड़भाड़ नहीं हो। रात के समय धार्मिक संस्थानों की लाइटें नहीं जलें यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में धार्मिक संस्थानों के पब्लिक एड्रेस सिस्टम का उपयोग आमजन को जागरूक करने के लिए किया जायेगा। प्रभारी सचिव ने कहा कि धर्मगुरू अपने अनुयायियों को परिस्थितियां अनुकूल होने तक विवाह सहित अन्य गतिविधियां स्थगित रखने के लिए प्रेरित करें। सायं 7 बजे के बाद भीड़भाड़ से जुड़ी गतिविधियां किसी भी स्थिति में नहीं हो यह सुनिश्चित किया जाए। संदेहास्पद लोगों पर नजर रखें। किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचनाओं का प्रसार नहीं हो, इसके लिए भी आमजन को जागरूक करें।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले आदेशों की पूर्ण पालना हो। सायं 7 बजे के बाद घरों की लाइटें अनिवार्य रूप से बंद करें। आमजन घरों से बाहर नहीं निकलें। इस दौरान सभी दुकानें भी स्वप्रेरित होकर बंद करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर, नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त श्रीमती अपर्णा गुप्ता, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, अतिरिक्त कलेक्टर (प्रशासन) रामावतार कुमावत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



भारत-पाक तनाव को लेकर प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल ने धर्मगुरूओं की बैठक लेकर वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर आवश्यक सहयोग का आव्हान किया।

■ रात के समय धार्मिक संस्थानों की लाइटें नहीं जलें यह सुनिश्चित करें

## विद्यासागर आचार्य का अभिनंदन

**बीकानेर,** (कासं)। शब्दरंग एवं साझी विरासत के तत्वावधान में शिक्षाविद - संस्कृतिकर्मी विद्यासागर आचार्य का शनिवार को कलकतिया भवन में नागरिक अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यंग्यकार-सम्पादक डॉ. अजय जोशी थे तथा विशिष्ट अतिथि साहित्यकार राजाराम स्वर्णकार रहे। अध्यक्षीय उद्बोधन में राजेन्द्र जोशी ने कहा कि संस्कृतिकर्मी विद्यासागर आचार्य ने शिक्षा, राजस्थानी साहित्य एवं साक्षरता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

जोशी ने कहा कि अकादमी सचिव और सम्पूर्ण साक्षरता में मुख्य संदर्भ व्यक्ति के रूप में शानदार कार्य कर प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने अपने जीवन को शिक्षा, संस्कृति और समाज की सेवा में समर्पित किया।

## नेमचन्द के निधन पर शोक

**बीकानेर,** (कासं)। साहित्यकार समाजसेवी एवं उद्योगपति नेमचन्द गहलोत का निधन होने पर साहित्य जगत व अन्य क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। गहलोत पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। आज उनका निधन हो गया। अन्तिम यात्रा गंगाशहर रोड़ उनके निवास करणी-कृपा से रवाना होकर कल्याण भूमि सुजानदेसर पहुंची।


**कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर**

क्रमांक:- 80 आपत्ति सूचना दिनांक :- 09/05/25

सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थीयान श्री प्रेम कुमार पुत्र श्री भागीरथ राय एवं श्रीमती रमा गोयल पत्नी श्री प्रेम कुमार ने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, टीएस सर्वे, साईट प्लान, गूगल मैप व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 01 ए 06 जवाहरनगर श्रीगंगानगर साईज 14.76×75 + 29.52 × 48.44 फीट 2536.94 वर्गफीट 281.88 वर्गगज का आवासीय से व्यवसायिक भू उपयोग परिवर्तन करने हेतु निवेदन किया है। यह कि प्रशतगत भूखण्ड प्रस्तुत दस्तावेजो अनुसार श्री प्रेम कुमार पुत्र श्री भागीरथ राय एवं श्रीमती रमा गोयल पत्नी श्री प्रेम कुमार के नाम से भूखण्ड संख्या 01 ए 06 जवाहरनगर श्रीगंगानगर साईज 14.76 × 75 + 29.52 × 48.44 फीट 2536.94 वर्गफीट 281.88 वर्गगज का पट्टा (फ्री होल्ड) परिषद द्वारा पत्रांक 1426 दिनांक 27.03.2023 को जारीशुदा है। मौका रिपोर्ट अनुसार उक्त भूखण्ड मौके पर निर्मित है। मौके पर सड़क की चौड़ाई 110'.6'' है एवं उक्त भूखण्ड में सड़क दक्षिण दिशा में स्थित है। नियोजन शाखा की रिपोर्ट अनुसार उक्त स्थल वर्तमान प्रचलित मास्टर प्लान (भू उपयोग योजना 2035) में आवासीय प्रयोजनार्थ प्रावधानित किया गया है। उपरोक्तानुसार भूखण्ड का भू-उपयोग परिवर्तन चाहा गया है। भूउपयोग परिवर्तन करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के नियमानुसार कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात कोई उज्जर मान्य नहीं होगा।

- (दीपक चन्दन) आर.ए.एस आयुक्त नगरपरिषद श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियोजन/2025/ **विज्ञप्ति** दिनांक : 10.05.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मॉडल टाउन प्रथम के भूखण्ड सं. जी-04 भूखण्ड माप 39'-0'' गुणा 69'-0'' फिट का नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा आवासीय पटटा सं. 1784 दिनांक 22.11.2024 द्वारा श्री वेद प्रकाश आहुजा एवं श्री विजय आहुजा के नाम से जारी है। श्री कृष्ण कुमार जाखड पुत्र श्री नत्थूराम जाखड द्वारा उक्त भूखण्ड का आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ रूपान्तरण करने हेतु निवेदन किया गया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 एवं जोनल प्लान में प्रश्नगत भूखण्ड का प्रस्तावित भू-उपयोग मिश्रित प्रयोजनार्थ आरक्षित है। राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010. अधिसूचना दिनांक 28.10.2010, दिनांक 24.02.2021, दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 14.10. 2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधिया (Development Promotion & Control Regulations) के अनुसार पट्टे/लीजडीड में उल्लेखित उपयोग से चाहा गया परिवर्तित उपयोग दोनों ही मास्टर प्लान / जोनल डवलपमेंट प्लान के भू-उपयोग में (DPCR) के अनुसार अनुज्ञेय (परमिटेड) उपयोग में आने एवं तकनीकी मापदण्ड पूर्ण होने के कारण विभागीय अधिसूचनाओं के तहत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का आवासीय रूपान्तरित से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। Rajkaj Ref. No. 15222861 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर